वर्ष :-2
अंक:-31
25, फरवरी,2026
बुधवार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## नालंदा में जिला स्तरीय नियोजन मेला: 1208 अभ्यर्थी पहुंचे, 632 शॉर्टलिस्ट



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन सांसद कौशलेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी प्रभात रंजन, जिला नियोजन पदाधिकारी मो० आकिफ वक्कास एवं श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि सांसद ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसका उदाहरण यह नियोजन मेला है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेले वर्ष 2010 से नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं, जिससे युवाओं को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं को उद्यमिता कीओर भी प्रेरित किया तथा उद्योग विभाग एवं जिला निबंधन सह-परामर्श केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी।

मेले में 20 नियोजकों ने भाग लिया। कुल 1208 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। लगभग 1000 रिक्तियों के विरुद्ध 632 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इस दौरान सांसद एवं उप विकास आयुक्त द्वारा केवाईपी प्रमाणपत्र, आईटीआई प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को टूल किट तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को स्टडी किट वितरित की गई।

मेले में डीआरसीसी, आरसेटीआई एवं श्रम संसाधन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला कौशल प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## दफ़ादार-चौकीदार के पुलिसीय कार्रवाई के ख़िलाफ़ सदन में विपक्ष का हंगामा

जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा में विपक्ष ने चौकीदार एवं दफ़ादार पर पुलिसीय कार्रवाई व लाठी चार्ज के खिलाफ मामला सदन में उठाया तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व भाई वीरेन्द्र के बीच काफी तीखी नोक झोंक एवं तू तू मैं हुआ। इससे आहत विपक्ष के सभी सदस्यों ने सदन के वेल में पहुंच कर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में पहले काम हुआ था। सब काम तो हमारी सरकार ने ही की हैं। इनके पन्द्रह वर्षों की शासन काल में पहले कोई घर से बाहर निकलता था, क्या। जब से हमारी सरकार बनी , तब से कितना काम हुआ हैं। हमने आपको दो दो बार मंत्रिमंडल में रखा तो गड़बड़ करने लगे तो हटा दिया। पहले कितना थे ।अब कितना पर आ गए हैं। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विपक्ष की बातों को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार चाहती तो वे आक्रोश पूर्णप्रदर्शन नहीं करते। सरकार के इज़ाजत के बिना किसी तरह का धरना - प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकार की ओर से वित्त मंत्री को उत्तर देने को कहा। वित मंत्री विजेन्द्र यादव ने कहा कि चौकीदार व दफ़ादार के डेलीगेट्स को बुलाकर मामले पर विस्तार से चर्चा करेंगे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के मुख्य सचेतक कुमार सर्वजीत ने चौकीदार व दफ़ादार ने वेतनमान में बढ़ोतरी एवं प्रमोशन की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियो पर लाठी चार्ज एवं पुलिसीय कार्रवाई के खिलाफ मामले को उठाते हुए कहा कि चौकीदार पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम करते रहे हैं। लेकिन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे तो पुलिस ने उन्हें दौरा दौरा कर पीटा ।इस पर सरकार को जवाब देनी चाहिए। भाई वीरेन्द्र ने अपने आसन पर खड़ा होकर कार्रवाई करने की बात कही तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आग बबूला हो गए। मुख्य मंत्री नीतीश कुमार एवं भाई वीरेन्द्र में तीखे नोक झोंक हुआ।

## भारत–मंगोलिया संबंधों की आधारशिला है साझा बौद्ध आध्यात्मिक विरासत:-गैंबोल्ड डैम्बजाव




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नव नालंदा महाविहार में मंगलवार को भारत और मंगोलिया के ऐतिहासिक तथा समकालीन संबंधों पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत में मंगोलिया के राजदूत गैंबोल्ड डैम्बजाव थे। व्याख्यान का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बौद्ध वंदना के साथ हुआ। अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीकांत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

अपने संबोधन में राजदूत ने भारत और मंगोलिया को साझा बौद्ध विरासत से जुड़े "आध्यात्मिक भाई" बताते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल कूटनीतिक दायरे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक और ज्ञान-परंपरा पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा की प्राचीन शिक्षा परंपरा ने एशिया के अनेक देशों को प्रभावित किया, जिसका लाभ मंगोलिया को भी मिला। इस ऐतिहासिक जुड़ाव ने दोनों राष्ट्रों के बीच विश्वास और सहयोग की मजबूत नींव रखी है।

राजदूत ने मंगोलिया की संयुक्त राष्ट्र सदस्यता में भारत के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। साथ ही वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगोलिया यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में नई गति आई।


राजदूत ने भारत के प्रख्यात बौद्ध विद्वान एवं मंगोलिया में भारत के पूर्व राजदूत कुशोक बकुला रिनपोछे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सोवियत संघ के विघटन के बाद उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के दौर में उनका नैतिक मार्गदर्शन मंगोलिया के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने मंगोलियाई जनता की ओर से भारत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।आर्थिक सहयोग पर प्रकाश डालते हुए राजदूत ने बताया कि दोनों देशों के बीच एक प्रमुख फ्लैगशिप परियोजना पर कार्य प्रगति पर है, जिसे भारतीय वित्तीय संस्थानों से प्रारंभिक सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने खनिज, खनन, क्रिटिकल मिनरल्स तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स के क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं का उल्लेख किया। कृषि, रक्षा और शिक्षा को भी उभरते सहयोगी स्तंभों के रूप में रेखांकित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि मंगोलिया ने पहली बार रक्षा अताशे की नियुक्ति की है तथा भारत के साथ रक्षा सहयोग को और सुदृढ़ करने पर विचार जारी है।

पर्यटन और संपर्क के क्षेत्र में उन्होंने बेहतर हवाई सेवाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मंगोलिया भारतीय पर्यटकों के लिए एक नया और आकर्षक गंतव्य बन सकता है। शिक्षक एवं छात्र विनिमय कार्यक्रमों को जन-स्तर पर संबंध मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि भारत–मंगोलिया संबंध साझा बौद्ध विरासत और ज्ञान परंपरा पर आधारित हैं। उन्होंने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की धरती का मंगोलिया से गहरा आध्यात्मिक संबंध रहा है। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अंतर्गत बौद्ध अध्ययन चेयर के पुनर्जीवन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

अंत में डॉ. सोनम लामो ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा संचालन डॉ. रवि शंकर ने किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# इनर व्हील क्लब की पहल: गांव में लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ने उठाया लाभ




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहारशरीफ द्वारा मंगलवार को ककड़ा गांव स्थित मध्य विद्यालय में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप तथा सुसज्जित पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और लोगों को निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराना था।

स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, रक्तचाप, नेत्र जांच, महिलाओं की जांच, दंत जांच, बच्चों की जांच, सामान्य शारीरिक परीक्षण एवं हड्डी संबंधी जांच की व्यवस्था की गई। साथ ही होम्योपैथिक चिकित्सक द्वारा भी परामर्श दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की।

क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने बताया कि गांवों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अभाव में कई बीमारियों का समय पर उपचार नहीं हो पाता है। इसी उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय भी बताए गए। सभी चिकित्सकों ने सेवा भाव से मरीजों की जांच की।


शिविर में डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. अभिनव कुमार, डॉ. सुनीति सिन्हा, डॉ. विभाष प्रियदर्शी, डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. सुनील कुमार एवं होम्योपैथिक डॉ. नीरज कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिन्हा, पूर्वाध्यक्ष मंजू प्रकाश, मधु कंचन, डॉ. सुनीति सिन्हा, विश्व प्रकाश एवं संजीव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पौध वितरण एवं पौधारोपण भी किया गया।









## हरनौत में बीएलटीएफ बैठक: शत-प्रतिशत टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जोर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नियमित टीकाकरण अभियान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स (बीएलटीएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमओआईसी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, बीएम एंड ई मनोज कुमार, बीसीएम प्रमिला राय, डब्ल्यूएचओ के ब्लॉक मॉनिटर भोला कुमार तथा आईसीडीएस की महिला पर्यवेक्षिकाएं सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में नियमित टीकाकरण की कवरेज बढ़ाने, स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। एमओआईसी डॉ. सिन्हा ने बताया कि प्रखंड में टीकाकरण अभियान तेज गति से चल रहा है और लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा एवं गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे।आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण अभियान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान एएनसी पंजीकरण, प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं की जांच तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। गर्भवती महिलाओं को 180 आयरन की गोलियों का सेवन सुनिश्चित कराने और चार अनिवार्य एएनसी जांच कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में घर-घर सर्वेक्षण, समयबद्ध पंजीकरण, नियमित मॉनिटरिंग और बेहतर समन्वय के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। साथ ही ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता समिति को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। बैठक का समापन आगामी कार्ययोजना तय कर किया गया।

## हृदय में छेद से पीड़ित मासूम को आईजीआईसी पटना रेफर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के बराह पंचायत अंतर्गत सिरसी-डिहरा गांव के सात वर्षीय बच्चे को जन्मजात हृदय रोग के उपचार के लिए मंगलवार को पटना भेजा गया। बच्चे के हृदय में छेद होने की पुष्टि पूर्व जांच में हुई थी। नालंदा के सिविल सर्जन सह जिला स्वास्थ्य समिति के सचिव के निर्देश पर उसे पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी) में भर्ती कराया गया है।

मासूम की पहचान आर्यन कुमार के रूप में हुई है, जो हरनौत प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह लोजपा (आर) एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अखिलेश पासवान के भतीजे हैं। अखिलेश पासवान ने बताया कि दो माह की उम्र में ही जांच के दौरान हृदय में छेद की जानकारी मिली थी। चिकित्सकों ने उस समय बच्चे के बड़े होने पर सर्जरी की सलाह दी थी।

हरनौत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत चिन्हित बच्चे को 102 एंबुलेंस से आईजीआईसी पटना भेजा गया है। समय पर उपचार नहीं होने पर यह बीमारी गंभीर श्वसन समस्याएं उत्पन्न कर सकती है।

स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी ने बताया कि आरबीएसके के अंतर्गत बाल हृदय योजना के तहत ऐसे बच्चों को निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। आवश्यकता पड़ने पर सरकारी खर्च पर अन्य राज्यों में भी ऑपरेशन कराया जाता है।









# तीन साल पुरानी साइबर ठगी का उद्भेदन, छात्राओं को मिली राशि वापस





बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। साइबर थाना पुलिस ने तीन वर्ष पुराने साइबर ठगी मामले का उद्भेदन करते हुए मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना की राशि से वंचित तीन छात्राओं को उनकी बकाया रकम वापस दिलाई है। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित छात्राओं और उनके परिवारों में खुशी की लहर है।

जानकारी के अनुसार साइबर थाना कांड संख्या 108/23 में महलपर के खैराबाद निवासी धर्मवीर पासवान ने आवेदन देकर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना की राशि का गबन किया गया है। प्रारंभिक जांच के बाद अनुसंधानकर्ता के स्थानांतरण से मामला लंबित हो गया था।20 फरवरी 2026 को साइबर उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष राधवेन्द्र मणि त्रिपाठी के निर्देश पर मामले की जांच पुलिस अवर निरीक्षक राजेन्द्र कुमार को सौंपी गई। अवर निरीक्षक ने तकनीकी साक्ष्यों और दस्तावेजों की गहन जांच करते हुए ठगी की गई राशि वापस कराने में सफलता हासिल की।

जांच के बाद काजल कुमारी को 10 हजार रुपये, प्रभा कुमारी को 25 हजार रुपये तथा स्नातकोत्तर की छात्रा शिबानी कुमारी को 50 हजार रुपये वापस दिलाए गए। राशि मिलने के बाद छात्राओं और उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया।

अनुसंधानकर्ता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले में आगे भी जांच जारी है और अन्य संभावित पीड़ितों की पहचान कर उन्हें भी न्याय दिलाया जाएगा।






अपना शहर अपना खबर
# अपना नालंदा
बुधवार 25, फरवरी,2026


## पीडीएस डीलर दिनेश कुमार के निधन पर डीलर संघ शोकाकुल




चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के सालेपुर पंचायत के जन वितरण विक्रेता दिनेश कुमार के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान ही उनका निधन हो गया।निधन की खबर मिलते ही जन वितरण प्रणाली से जुड़े पदाधिकारी, डीलर संघ के प्रतिनिधि तथा प्रखंड के दर्जनों डीलर उनके पैतृक गांव पहुंचे और दिवंगत आत्मा को नम श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पीडीएस नेता अविंका यादव ने कहा कि दिनेश कुमार शांत, सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते थे और सभी के बीच सम्मानित थे।फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन, नालंदा के जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि संगठन ने एक कर्तव्यनिष्ठ और कर्मठ साथी को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।श्रद्धांजलि सभा में प्रखंड अध्यक्ष नरेश पासवान, प्रखंड सचिव चंद्रशेखर प्रसाद, गौतम कुमार, इंद्रदेव कुमार, पिंटू कुमार, राजन पासवान, अशोक कुमार सिंह, सुबोध पासवान, सुरेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद, गणिता सिंहा, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में डीलर और ग्रामीण उपस्थित रहे।दिनेश कुमार के निधन से पूरे गांव में शोक का वातावरण है। ग्रामीणों और सहकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय में स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा तकनीकों पर मंथन




चंडी (अपना नालंदा)। नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय में आयोजित ऊर्जा रूपांतरण, फोटोनिक संचार तकनीक एवं साइबर सुरक्षा विषयक कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने आधुनिक ऊर्जा तकनीकों और स्मार्ट ग्रिड प्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। तकनीकी नवाचार और ऊर्जा क्षेत्र के आधुनिकीकरण को समर्पित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. अवनीत कुमार ने "पावर कन्वर्टर मॉडलिंग एंड कंट्रोल" विषय पर व्याख्यान देते हुए विद्युत प्रणालियों में पावर कन्वर्टर्स की भूमिका, गणितीय मॉडलिंग तथा नियंत्रण तकनीकों की विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में डॉ. शहरुद्दीन ने "फोटोनिक क्रिस्टल फाइबर एंडइट्स एप्लीकेशन इन स्मार्ट ग्रिड" विषय पर फोटोनिक क्रिस्टल फाइबर की संरचना , कार्यप्रणाली तथा सूचना संप्रेषण और सेंसिंग में इसके उपयोगों को सरल भाषा में समझाया।
तीसरे सत्र में डॉ. प्रतीक रंजन ने "स्मार्ट ग्रिड टेक्नोलॉजी एंड इट्स सिक्योरिटी चैलेंजेज" विषय पर स्मार्ट ग्रिड से जुड़ी साइबर सुरक्षा चुनौतियों, डेटा संरक्षण और सुरक्षित नेटवर्क अवसंरचना की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गोपाल नंदन ने कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजन शोध, नवाचार और उद्योग-शिक्षा सहयोग को नई दिशा देंगे। मंच संचालन साक्षी सुमन एवं अदिति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के फैकल्टी सदस्य, कोऑर्डिनेटर्स, स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।






# संपादकीय

**जेपी चौधरी**

## केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से शहरी अवसंरचना में सुधार के लिये की गई पहल, सही दिशा में एक बड़ा कदम



देश का सर्वोच्च न्यायालय की इस गंभीर चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि ठोस कचरे का निस्तारण एक पर्यावरणीय मुद्दा मात्र नहीं है बल्कि यह जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिये भी गंभीर चुनौती है। निस्संदेह, जब हम विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य हासिल करने की बात करते हैं तो नागरिक जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन भी एक अनिवार्य शर्त है। निस्संदेह, देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी नागरिक चुनौती बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र, कचरे के पहाड़ों से दबे लैंडफिल, अनुचित अपशिष्ट के अलग-अलग न होने तथा कचरे के प्रभावी निपटान की चुनौती से जूझ रहे हैं। ठोस कचरा निस्तारण से जुड़े नये नियम लागू होने से कुछ सप्ताह पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने देश में दशकों पुराने ठोस अपशिष्ट उपचार नियमों के अनुपालन में कोताही को लेकर चिंता व्यक्त की है। अदालत का मानना है कि बढ़ते कचरे का बोझ नागरिक जीवन की सुगमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। वहीं दूसरी ओर अमृत यानी अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज जैसी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया है। यही वजह है कि न्यायालय ने समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए नियमों को सख्ती से लागू करने तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। सही मायनों में यह समय की भी जरूरत सर्वोच्च न्यायालय ने स्थानीय निकायों और निर्वाचित प्रतिनिधियों मसलन पार्षदों व कॉर्पोरेटरों को दायित्व दिया है कि वे क्षेत्र के नागरिकों में स्वच्छता व ठोसकचरे के निस्तारण हेतु जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की पहल करें।

जनजागरण से ही विकट होती समस्या के निस्तारण में मदद मिल सकती है। इस दिशा में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। प्रारंभिक चरण में दायित्व निर्वहन में विफल रहने पर जुर्माना विकल्प हो सकता है। वहीं बार-बार नियमों का उल्लंघन करने कानूनी कार्रवाई अपरिहार्य है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता स्वच्छता और ठोस कचरे के निस्तारण में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करना कर्तव्य की अनदेखी करने पर कड़ा संदेश दे सकती है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों तथा नागरिक कल्याण संगठनों के बीच बेहतर तालमेल भी इस दिशा में कारगर भूमिका निभा सकता है। आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास के साथ होने वाली उपभोग की वृद्धि और परिणामस्वरूप अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से शहरी अवसंरचना में सुधार के लिये की गई पहल, सही दिशा में एक कदम है।

# पर्व को लेकर अलर्ट प्रशासन, 21 लोगों पर सीसीए कार्रवाई

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी पर्व-त्योहार के दौरान जिले में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संभावित रूप से शांति भंग करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बिहार क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत जिले के 21 लोगों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।

जानकारी के अनुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद संबंधित व्यक्तियों पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत आरोपितों को निर्धारित अवधि तक दूसरे थाना क्षेत्र में प्रतिदिन हाजिरी लगाने का निर्देश दिया जाएगा। साथ ही संबंधित थानों को ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिया गया है।कार्रवाई की जद में आने वालों में कतरीसराय थाना क्षेत्र के श्रवण कुमार यादव, बेन के सुनील कुमार, सिलाव के विकास कुमार, नालंदा के रॉकी, गिरियक के राजेश कुमार, टुन्नु यादव, बल्लो यादव, रामजी यादव, लहेरी के मोहित कुमार, खुर्शीद, दीपनगर के राजू सिंह, जिते पासवान, दिनेश पासवान, विकास कुमार, ब्रजेश कुमार, तेल्हाड़ा के रोहित कुमार, खुदागंज के बीरमणि यादव, बिन्देश्वर चौधरी, औंगारी के सिंटू कुमार तथा राजकुमार शामिल हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# भारत-इज़रायल एक नए युग की शुरुआत — चंदन चौरसिया

## पीएम मोदी का ऐतिहासिक दौरा और बदलते विश्व-राजनीति का परिदृश्य

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक इज़रायल का दो दिन का विशेष और रणनीतिक दौरा करने जा रहे हैं, जो सिर्फ एक नियमित राजनयिक यात्रा नहीं है। बल्कि यह दो प्रगतिशील लोकतंत्रों के बीच शक्ति, सुरक्षा, विज्ञान-तकनीक और आर्थिक सहयोग को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला निर्णायक क्षण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 2017 में उनकी पहली ऐतिहासिक यात्रा के बाद दूसरी बार हो रही है, और इस बार न केवल द्विपक्षीय जोड़े गए समझौतों को अंतिम रूप देने की उम्मीद है, बल्कि दोनों देशों को वैश्विक मंच पर रणनीतिक साझेदारी की नई पहचान देने का अवसर भी है।

आज की वैश्विक राजनीति और सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, भारत-इज़रायल संबंध सिर्फ परंपरागत राजनयिक समझौते तक सीमित नहीं रहे यह सुरक्षा, सामरिक स्थिरता, उच्च तकनीक और संयुक्त विकास के क्षेत्रों तक विस्तृत हो गए हैं। सबसे पहले, यह दौरा रणनीतिक सुरक्षा और रक्षा सहयोग को और गहरा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, खासकर ऐसे समय जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव बढ़ रहा है। मोदी और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दोनों ने आपसी विश्वास और साझेदारी की ताकत पर जोर दिया है, और नेतन्याहू ने मोदी को अपना "व्यक्तिगत मित्र" तक बताया है जो दो देशों के बीच के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। दूसरा, भारत के लिए इज़रायल केवल एक रक्षा साथी नहीं बल्कि तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में एक अग्रणी सहयोगी भी है। इस यात्रा के दौरान संभावित समझौतों में नवीन तकनीकों, सुरक्षा प्रणालियों और कृषि-पानी प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर बातचीत होने वाली है।

नई दिशा: रक्षा, टेक्नोलॉजी और व्यापार में साझेदारी प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है रक्षा और तकनीकी समझौते, जो भारत की सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के साथ ही देश की "मेक इन इंडिया" पहल को भी बल देंगे।

चौरसिया ने कहा कि विशेष रूप से, इज़रायल की प्रसिद्ध आयरन डोम डिफेंस तकनीक (मिसाइल रोधी प्रणाली) के संबंध में समझौते की संभावना बताई जा रही है, जिसे मेक इन इंडिया के तहत भारत में विनिर्माण के लिए साझा किया जा सकता है, यह भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता के लिए एक बड़ा कदम होगा। साथ ही, दोनों देश साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, और ऊर्जा तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान तथा निवेश पर भी चर्चा करेंगे, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। इन पहलुओं के साथ ही, रक्षा कंपनियाँ और नवाचार स्टार्ट-अप्स दोनों देशों के बीच साझेदारी और तकनीक हस्तांतरण के लिए भी नवीन रास्ते तलाश रहे हैं, जिससे भारत टेक्नोलॉजी-उन्मुख देशों के समूह में अपनी पहचान और मजबूत कर सके। भारत को इससे मिलने वाले व्यापक फायदे सुरक्षा और सामरिक ताक़त में वृद्धि :



भारत के लिए इज़रायली सुरक्षा तकनीक और सहयोग, विशेष रूप से एयर डिफेंस और मिसाइल सिस्टम में, एक रणनीतिक बढ़त है। विशेषकर आज के बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में, यह सहयोग भारत को अपनी सीमाओं और रक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत करने में मदद करेगा।

तकनीकी और आर्थिक साझेदारी का विस्तार : दोनों देशों के बीच तकनीक आधारित निवेश, एआई, साइबर सुरक्षा, कृषि नवाचार तथा ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी के विस्तार से भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी नेटवर्क में बेहतर स्थिति मिल सकती है। इससे न केवल उद्योग और व्यापार को बल मिलेगा, बल्कि भारतीय युवाओं और अनुसंधानकर्ताओं के लिए भी नए अवसर खुलेंगे।

वैश्विक राजनयिक प्रभाव और क्षेत्रीय स्थिरता : भारत पहले ही मध्य-पूर्व के कई देशों के साथ संतुलित और सकारात्मक संबंध रखता है। इस दौरे से भारत की वैश्विक कूटनीति और मध्य-पूर्व में संतुलन की भूमिका को और मजबूती मिलेगी, जिससे वह एक विश्व-स्तर की भरोसेमंद शक्ति के रूप में सामने आएगा।

चंदन चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह इज़रायल दौरा सिर्फ एक औपचारिक राजनयिक कार्यक्रम नहीं है — यह एक व्यापक और दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की दिशा में भारत के कदम को और मजबूत बनाता है। सुरक्षा, तकनीक, व्यापार और वैश्विक स्थिरता जैसे क्षेत्रों में इस यात्रा के सफल परिणाम भारत की वैश्विक भूमिका को और बढ़ाने में सहायक होंगे।

चाहे वह आयरन डोम तकनीक का हस्तांतरण हो, उच्च-स्तरीय रक्षा सहयोग समझौते हों, या फिर तकनीकी और आर्थिक साझेदारी — यह दौरा भारत को एक प्रगतिशील, आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक नया अध्याय लिख रहा है। इस नज़रिए से कहा जा सकता है कि यह दौरा भारत को नयी संभावनाओं की दिशा में आगे बढ़ा रहा है, और इसके प्रभाव आने वाले वर्षों तक न केवल हमारे रक्षा और तकनीकी ढांचे पर दिखाई देंगे, बल्कि भारत की आर्थिक और वैश्विक छवि पर भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ेंगे।

# बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी में गया ने शेखपुरा को 8 विकेट से हराया



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मंगलबार को नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी मे बिहार क्रिकेट संघ के घरेलु सत्र 2025-26 बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी मगध जोन का तीसरा मैच नवादा बनाम गया के बीच एसएससीसी खेल मैदान पावापुरी मे खेला गया।

शेखपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकुश के शतक 119 रन, शुभम 44, अमरजीत 44, सूरज 22, रश्मि 25 तथा संजीव 17 रन की मदद से 45 ओवर मे 9 विकेट खोकर 309 रन बनाये। गया की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव ने 92 रन पे 1 विकेट, निक्कू 44 पर 3, गौतम 56 रन 2 विकेट तथा शिवम् ने 42 रन पे 2 विकेट अपने नाम किया।

जवाब मे खेलते हुए गया की टीम ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। गया ने 37.4 ओवर मे 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमे कप्तान मंगल महरो ने नाबाद 211 रन ,गौतम ने 35 रन, अभिषेक 26 रन, राजीव ने 20 रन बनाये।

शेखपुरा की ओर से गेंदबाज़ नवाज़ खान ने 55 रन देकर 1 विकेट तो सूरज ने 38 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया।इस मौके पर पूर्व सीनियर क्रिकेटर सह नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार उर्फ़ पिंटू दा, क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ,सचिव गोपाल कुमार सिंह, पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, नवादा सचिव मनीष राज, शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा यादव, बीसीए ऑब्जरवर राजीव रंजन, डॉ संजय ,संतोष पांडेय , हैदर अली ,सिद्धार्थ कुमार बाबा ,विश्वजीत कुमार, अभिषेक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।इन्पायरिंग की भूमिका बी सी ए पैनल अम्पायर राजीव कुमार तथा नीरज कुमार ने निभाया।

मैच के मैन ऑफ द मैच गया के मंगल मेहरोर को दिया गया।

कल दिनांक 26-02-2026 को शेखपुरा बनाम नालंदा का मैच खेला जायेगा।

# तुलसीगढ़ में रोड रोलर में आग, दमकल ने बचाया बड़ा नुकसान



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के तुलसीगढ़ गांव में मंगलवार देर शाम सड़क निर्माण कार्य में लगे एक व्हाइब्रेटर रोड रोलर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मशीन से अचानक धुआं और तेज लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास मौजूद मजदूरों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों को लगातार पानी की बौछार करनी पड़ी, तब जाकर लपटों पर नियंत्रण पाया जा सका।

रोड रोलर के मालिक प्रेम कुमार सिन्हा ने बताया कि मशीन की लागत लगभग 50 लाख रुपये है। उन्हें अचानक सूचना मिली कि उनकी मशीन में आग लग गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन रोड रोलर को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थरथरी शिव शक्ति मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई



थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड के थरथरी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, श्रीमद्भागवत कथा एवं अखंड कीर्तन के शुभारंभ को लेकर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 301 महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। “हर-हर महादेव” और “बोलबम” के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।कलश यात्रा शिव शक्ति मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नागेश्वर धाम, थरथरी बाजार, दुर्गा स्थान, काली स्थान, थरथरी गंज, थरथरी बिगहा और थरथरी डीह होते हुए निर्धारित स्थल सूर्य मंदिर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरकर पुनः मंदिर परिसर में कलश स्थापित किए गए। आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से पूर्ण हुआ है।

संयोजक आशीष रंजन ने जानकारी दी कि 24 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम सात बजे से होगा। कथा वाचन वृंदावन से पधारे पूज्य श्याम शिवम महाराज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उर्फ अनित जी, संयोजक आशीष रंजन, मुखिया प्रतिनिधि आनंद मोहन, सहयोगी सोनू पंडित, शैलेन्द्र कुमार, गोविंदा, धर्मेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, दिलीप कुमार, मिथलेश पंडित, जितेंद्र पंडित, रौशन कुमार, राजीव कुमार, अमीश कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, विक्रम पंडित, मिथलेश कुमार, रणजीत कुमार, नवल साव, अरविंद कुमार, वीरेन पंडित, शिव कुमार गुप्ता, राजो पंडित, बिपिन कुमार, मनीष कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लखाचक महादेव स्थान में 24 घंटे अखंड कीर्तन संपन्न



थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड के लखाचक गांव स्थित महादेव स्थान में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन मंगलवार दोपहर हवन-पूजन के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हो गया। धार्मिक आयोजन में पूरे गांव का माहौल भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु फलाहार रहकर “हरे राम, हरे कृष्ण” के जयघोष के साथ निरंतर भजन-कीर्तन में लीन रहे।अखंड कीर्तन की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई थी। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति देकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवाओं की सहभागिता रही।

पुरोहित अरुण पांडे ने बताया कि गांव में अखंड कीर्तन के आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे न केवल आध्यात्मिक वातावरण बनता है, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं।

अखंड कीर्तन को सफल बनाने में पुजारी सत्यानंद शर्मा, रवि टंडन कुमार, पूर्व प्रमुख बंटी सिंह, विपिन कुमार सिंह, मोहन राम, दुखी राम, महेंद्र राम, उमेश कुमार, टेनी जी, संजीत सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें गांव के सभी लोगों ने भाग

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर दर्दनाक मौत



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के एसएच-78 पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा भीमसेन बिगहा गांव के समीप उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

मृतक की पहचान बहादुरपुर गांव निवासी सुखदेव प्रसाद के 31 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुनील कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने की आशंका जताई जा रही है।

सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए मॉडल सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सुनील कुमार घर से चंडी बाजार जाने के लिए निकले थे और बाइक में पेट्रोल भरवाने हेतु सालेहपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। परिवार के अनुसार वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उन्हें बाहर जाने से मना भी किया गया था।घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# रमदईया पर गांव में चार हजार लीटर शराब नष्ट



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई थाना क्षेत्र के रमदईया पर गांव स्थित खंधा में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया।थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के खंधा इलाके में अवैध रूप से शराब निर्माण कर उसकी खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान करीब चार हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब (मीठा घोल) बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार शराब को जमीन के अंदर गड्ढा खोदकर तथा झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। बरामद सामग्री को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान शराब कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सात माह से मार्जिन मनी लंबित, डीलर आर्थिक संकट में


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के विक्रेताओं को जून 2025 से अब तक मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने से जिले के डीलर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सात माह से कमीशन राशि लंबित रहने के कारण कई दुकानदार कर्ज के बोझ तले दब गए हैं। डीलरों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से लाखों रुपये उधार लेने की नौबत आ गई है।

डीलरों के अनुसार प्रति क्विंटल 90 रुपये मार्जिन मनी देने का प्रावधान है। विभागीय नियम के तहत प्रत्येक माह अनाज वितरण के अंतिम सप्ताह में यह राशि भुगतान कर दी जानी चाहिए, लेकिन कई महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। इससे दुकान संचालन, परिवहनऔर अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो गया है। कुछ डीलरों ने आर्थिक तंगी के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करने की बात कही है।

जनवितरण प्रणाली के तहत प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह पांच किलो अनाज वितरित किया जाता है। पहले चार किलो चावल और एक किलो गेहूं दिया जाता था, जबकि अब तीन किलो चावल और दो किलो गेहूं का वितरण किया जा रहा है। जनवरी 2026 से नए प्रावधान के अनुसार दो किलो गेहूं और तीन किलो चावल देने की व्यवस्था लागू की गई है।

डीलरों ने प्रशासन से अविलंब बकाया मार्जिन मनी भुगतान कराने की मांग की है, ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें और जनवितरण प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# रहुई में एर्टिगा-ट्रैक्टर टक्कर, बड़ा हादसा टला



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार के कारण एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ब्लॉक कॉलोनी के समीप बिहारशरीफ-रहुई मुख्य मार्ग पर एर्टिगा कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एर्टिगा कार बिहारशरीफ से रहुई की ओर जा रही थी, जबकि ट्रैक्टर रहुई से बिहारशरीफ की तरफ आ रहा था। ब्लॉक कॉलोनी के सामने दोनों वाहन अचानक आमने-सामने आ गए, जिससेजोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के समय ट्रैक्टर की ट्रॉली में दर्जनों लोग सवार थे, जिससे बड़ी अनहोनी की आशंका उत्पन्न हो गई थी।टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है।

# मूल्यांकन के लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी,6 केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 की बारकोडेड उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशानुसार 2 मार्च से 13 मार्च 2026 तक नालंदा जिले में मूल्यांकन कार्य संपन्न कराया जाएगा।

बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय में कुल छह मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें आदर्श उच्च विद्यालय (बिहार टाउन हाई स्कूल परिसर), बिहार टाउन उच्च विद्यालय सालुगंज, मणिराम अखाड़ा, परमेश्वरी देवी कन्या +2 उच्च विद्यालय, राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय सोहसराय, पी.एल. साहू उच्च विद्यालय तथा जवाहर कन्या उच्च विद्यालय शामिल हैं। सभी केंद्रों पर आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

मूल्यांकन कार्य की निष्पक्षता और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी केंद्रों के 200 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इस अवधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, शस्त्र या घातक हथियार लेकर चलने तथा अनधिकृत रूप से केंद्र परिसर के आसपास घूमने पर प्रतिबंध रहेगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, ताकि मूल्यांकन कार्य सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

# केनरा बैंक के एस.के. नगर शाखा में हुआ सिक्का एवं नोट विनिमय मेला आयोजित




पटना (अपना नालंदा)।पटना के एस.के. नगर स्थित केनरा बैंक शाखा द्वारा आज सिक्का एवं नोट वितरण-विनिमय मेला का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य ग्राहकों को नए नोट उपलब्ध कराना तथा पुराने और क्षतिग्रस्त नोटों के विनिमय की सुविधा प्रदान करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया और बैंक की इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में श्रीकृष्णा नगर शाखा के प्रबंधक अमर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक उमेश चौधरी, उदय कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, एवं संजय प्रसाद असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी केनरा बैंक ऑफिसर एसोसिएशन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय पटना के उप महाप्रबंधक विकास भारती ने शिरकत की।

प्रबंधक अमर कुमार ने बताया कि यह पहल आरबीआई के निर्देशों के अनुरूप की गई है, ताकि ग्राहकों को छोटे नोट और सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अक्सर बाजार में छोटे नोटों और सिक्कों की कमी महसूस की जाती है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मेले के माध्यम से ग्राहकों को पुराने नोट बदलने और नए नोट प्राप्त करने की सुगम सुविधा दी गई।उन्होंने यह भी बताया कि बैंक अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जिससे बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बन सकें।

इस अवसर पर अमित राज, अल्का कुमारी, शिवानी शर्मा, निशांत कुमार, कमल नयन किंकर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अनन्या ऑटो एजेंसी ने वैभव सूर्यवंशी को सौंपी टाटा कर्व




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना में बिहार के उभरते क्रिकेट सितारे वैभव सूर्यवंशी का अनन्या ऑटो एजेंसी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पटना एयरपोर्ट पर आगमन के बाद एजेंसी की टीम ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया और बैंड-बाजे के साथ उन्हें अनीसाबाद स्थित ब्रांच तक लाया गया।

वैभव सूर्यवंशी को क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'टाटा मोटर्स कर्व आईपीएल स्ट्राइकर ऑफ द टूर्नामेंट' सम्मान प्राप्त हुआ है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अनन्या ऑटो एजेंसी के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने वैभव और उनके परिजनों का स्वागत किया। उन्होंने वैभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें टाटा मोटर्स कर्व की चाबी भेंट की। इस अवसर पर एजेंसी के जनरल मैनेजर, सेल्स मैनेजर सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और वैभव की सफलता पर खुशी जताई।

संजय कुमार ने कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है। वैभव ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से न केवल अपना, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अनन्या ऑटो परिवार को इस प्रतिभावान खिलाड़ी को सम्मानित करने पर गर्व है और वे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

समारोह के दौरान उत्साह और खुशी का माहौल रहा तथा उपस्थित लोगों ने वैभव सूर्यवंशी को शुभकामनाएं दीं।

# स्व. मणिभूषण निषाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। बिहार निषाद संघ द्वारा संघ के पूर्व संरक्षक एवं पूर्व बिहार राज्य मछुआरा आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) स्व. कुमार मणिभूषण निषाद उर्फ राजू निषाद की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। साथ ही संघ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. तुलसी चौधरी बाबू (नौतन विधानसभा, बेतिया निवासी) तथा संघ के प्रदेश सचिव अरुण कुमार चौधरी (कुर्जी, पटना निवासी) की पूज्य माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने "शत-शत नमन" और "ओम् शांति" के साथ दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।सभा में पदाधिकारियों ने स्व. कुमार मणिभूषण निषाद और स्व. तुलसी चौधरी बाबू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि दोनों नेताओं ने समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम में संघ की संरक्षक श्रीमती कृष्णा देवी, प्रदेश प्रधान महासचिव धीरेन्द्र निषाद, प्रदेश उपाध्यक्ष केदार सिंह, जिबोधन महतो निषाद, प्रदेश महासचिव अखिलेश कुमार चौधरी, संजय कुमार सहनी, सरदार अभिमन्यु सिंह, नंदकिशोर सहनी, जितेन्द्र कुमार निषाद, पटना महानगर अध्यक्ष जयराज निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू कुमार सहनी, सुरेश कुमार निषाद, राजेश कुमार सिंह, पुरुषोत्तम प्रियदर्शी, देशेश जलज (पत्रकार) तथा रघुनाथ महतो निषाद (पूर्व अध्यक्ष, पटना महानगर) सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने "अमर रहे" के नारे लगाए।

# साइलेंट फैटी लिवर रोग बढ़ता खतरा, समय पर जांच जरूरी



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) आज क्रॉनिक लिवर रोगों का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है। इस बीमारी में बिना शराब सेवन के ही लिवर में अतिरिक्त वसा जमा हो जाती है। असंतुलित आहार, फास्ट फूड का अधिक सेवन, मोटापा, इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज, डिसलिपिडेमिया और शारीरिक निष्क्रियता इसके मुख्य जोखिम कारक हैं।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. के. आर. वासुदेवन के अनुसार यह बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती है। साधारण फैटी लिवर से शुरू होकर यह एनएएसएच, फाइब्रोसिस, सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर तक पहुंच सकती है। शुरुआती चरण में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते। मरीज को थकान या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में हल्का दर्द महसूस हो सकता है। उन्नत अवस्था में पीलिया, पेट में पानी भरना (एसाइटिस) या आंतरिक रक्तस्राव जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं।

जांच के लिए ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई और जरूरत पड़ने पर लिवर बायोप्सी की जाती है। ट्रांजिएंट इलास्टोग्राफी एक आधुनिक नॉन-इनवेसिव जांच है, जिससे लिवर में फाइब्रोसिस और वसा की मात्रा का आकलन किया जाता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रित रखना और डायबिटीज तथा ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण ही इससे बचाव का मुख्य उपाय है। पटना के गांधी मैदान रोड स्थित मेडिवर्सल हेल्थ स्टूडियो में प्रत्येक माह दूसरे शुक्रवार को विशेष ओपीडी सेवा उपलब्ध है।